## उमरियापान थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हनी के मडेरा कॉलोनी में हुई घटना

# लापरवाही ने छीन ली मासूम की जिंदगी, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### विद्युत पोल में आ रहा था करंट, सूचना के बाद भी नहीं कराया सुधार, चपेट में आया बालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी मडेरा कॉलोनी में शाम करीब 5 बजे एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। आंगनवाड़ी परिसर के समीप लगे बिजली के खंभे के स्टे में करंट उतरने से एक मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। चक्काजाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात कई घंटे तक प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार बम्हनी मडेरा कॉलोनी निवासी संतोष कोरी का लगभग 5 वर्षीय पुत्र शिव आंगनवाड़ी परिसर के पास खेल रहा था। इसी दौरान वह वहां लगे बिजली के खंभे के स्टे के संपर्क में आ गया। स्टे में करंट प्रवाहित होने के कारण मासूम गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों का आरोप था कि बिजली के खंभे के स्टे में करंट आने की शिकायत पहले भी बिजली विभाग को दी गई थी, लेकिन समय रहते आवश्यक सुधार कार्य नहीं किया गया। लोगों का कहना था कि यदि शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई होती तो यह दर्दनाक हादसा टाला जा सकता था।



#### अधिकारियों ने दी समझाइश

घटना की सूचना मिलते ही उमरियापान थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्लीमनाबाद थाना एवं ढीमरखेड़ा थाना का पुलिस बल भी मौके पर बुलाया गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन ने हालात पर नजर बनाए रखी। मौके पर ढीमरखेड़ा एसडीएम निधि गोहल, स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी तथा उमरियापान नायब तहसीलदार ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया।बिजली विभाग की ओर से एई स्वामी प्रसाद यादव, डिविजन अधिकारी शैलजा सिंह चौहान एवं जूनियर इंजीनियर मजहर अली खान (उमरियापान) भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी तथा यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आँगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की होगी नियुक्ति

**स्लीमनाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बहोरीबंद अंतर्गत रिक्त पड़े आँगनबाड़ी कार्यकर्ता ओर सहायिका के पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परियोजना अंतर्गत आँगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक ही पद रिक्त है जो कुआँ आँगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में है वही सहायिका पद के लिए स्लीमनाबाद आँगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2,पटोरी के मंगेला ओर इमलिया आँगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 है। प्रभारी परियोजना अधिकारी विद्या पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि रिक्त पदों कि पूर्ति के लिए विभागीय आदेशानुसार एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदन भरे जाने है। आवेदन पत्र जमा करने की प्रारम्भ तिथि 1 जुलाई 2026 से शुरू होकर 13 जुलाई 2026 तक रहेगी। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 15 जुलाई रहेगी। आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र मै उसी राजस्व ग्राम एवं उसी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है। शैक्षणिक योग्यता 12 वी उत्तीर्ण अनिवार्य है। आवेदिका की उम्र 1 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 से 35 वर्ष होना अनिवार्य है। विस्तृत निर्देशों की जानकारी हेतु परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### जिले में अब तक 44.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 1 जुलाई तक कुल 44.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में180.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान स्लीमनाबाद तहसील में रिकार्ड 286.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील रीठी में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 80.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 49.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 80.6 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 12 मिलीमीटर, बरही तहसील में 54.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 67.4 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 30.2 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 50.1मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 9.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### साइबर अपराधों से बचाव की दी गई जानकारी

**सिलौड़ी।** सिलौडी चौकी प्रभारी अनिल पांडे एवं स्टाफ ने शासकीय महाविद्यालय सिलौडी पहुंचकर छात्र- छात्राओं को सायबर रोकथाम से संबंधित जानकारी एवं डिजिटल अरेस्ट ,किसी अनचाहे मैसेज या लिंक पर क्लिक ना करें सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं प्राचार्य डॉ रतिराम अहिरवार, शिक्षक गण डॉ अंकुश ओमर, डॉ हेमंत चौरसिया,चंदन यादव , पंकज मिश्रा, अजय कुशवाहा,संदीप कपूर, सुदीपा एवं प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा सहित समस्त पुलिस बल उपस्थित रहा।

# कॉलोनाइजर के विरुद्ध दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वीकृत कॉलोनी लेआउट में सार्वजनिक उपयोग हेतु आरक्षित भूमि पर कथित रूप से अवैध निर्माण किए जाने के मामले में निगम प्रशासन द्वार सख्त कार्रवाई करते हुए कॉलोनाइजर नीलेश कुमार चौदहा पिता स्वर्गीय गोपाल दास चौदहा निवासी जालपा देवी वार्ड के विरुद्ध मंगलवार को एनकेजे थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय उपयंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह द्वारा थाना एनकेजे में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, नगर निगम क्षेत्रांतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित ग्राम खिरहनी की भूमि खसरा नंबर 1368/1 पर वर्ष 2003 में कॉलोनी विकास की अनुमति प्रदान की गई थी। स्वीकृत अभिन्यास में लगभग 4400 वर्गफुट भूमि पार्क एवं सार्वजनिक सुविधाओं के लिए आरक्षित की गई थी।

जांच में पाया गया कि संबंधित कॉलोनाइजर श्री चौदहा द्वारा स्वीकृत लेआउट के विपरीत आरक्षित भूमि पर चार भवनों का निर्माण अवैध रूप से कर लिया गया है। इनमें से ब्लॉक सी में दो भवनों के भूखंडों भूखंड क्रमांक एक एवं दो का विक्रय वर्ष 2006 में पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से किया गया, जबकि ब्लॉक बी में बने शेष दो भवन अभी भी कॉलोनाइजर के आधिपत्य में बताए गए हैं। नगर निगम ने इस कृत्य को स्वीकृत कॉलोनी लेआउट एवं सार्वजनिक हित के विपरीत मानते हुए कॉलोनाइजर नीलेश चौदहा के विरुद्ध थाना एनकेजे में एफआईआर दर्ज कराई है।

## रंजिशन युवक पर किया चाकू से हमला

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र में युवक पर चाकू से हमला किये जाने की घटना हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 30 जून की रात करीब 10:30 बजे आरोपित ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को रेलवे लाइन के किनारे घेर लिया। उसने जेब से धारदार चाकू निकालकर युवक पर वार कर दिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 296 बी, 109(1), 351(2) बीएनएस (हत्या के प्रयास और मारपीट की धाराएं) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# आंगनवाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण जर्जर भवनों में संचालन पर लगाई रोक

*विद्युत पोलों के चारों ओर सुरक्षा बाड़ लगाने के दिये निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल गफ्फार ने बुधवार को ढीमरखेड़ा विकासखंड के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बम्हनी के मडेरा कॉलोनी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर हाल ही में करंट की चपेट में आने से मासूम बच्चे की हुई मौत के संबंध में जानकारी ली। सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए केंद्र के समीप स्थित विद्युत पोल के चारों ओर सुरक्षा बाड़ लगाने के निर्देश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दिए।

निरीक्षण के दौरान डीपीओ ने महनेर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) गतिविधियों और बच्चों की उपस्थिति की समीक्षा की।



#### आरोग्य केन्द्र में ली जानकारी

महनेर के आरोग्य केंद्र पहुंचकर पल्स पोलियो, दस्तक अभियान, शिशु एवं मातृ मृत्यु की स्थिति, सैम-मैम बच्चों को दी जा रही दवाइयों के वितरण तथा पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।इस दौरान परियोजना अधिकारी आरती यादव, सेक्टर सुपरवाइजर अनीता प्रधान सहित संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

#### उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश

ढीमरखेड़ा सेक्टर की बैठक में डीपीओ ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जर्जर भवनों में केंद्र संचालित नहीं करने के स्पष्ट निर्देश दिए। साथ ही केंद्रों के आसपास लगे विद्युत खंभों के चारों ओर सुरक्षा बाड़ लगाने तथा बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने ईसीसीई गतिविधियों के प्रभावी संचालन एवं केंद्रों में बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## बच्चों को स्कूल का कराया गया एक्सपोजर विजिट



महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बहोरीबंद अंतर्गत सेक्टर स्लीमनाबाद के आँगनबाड़ी केंद्र मटवारा के 3 से 6 वर्ष के बच्चों का शासकीय प्राथमिक शाला मटवारा में एक्सपोजर विजिट कराया गया। विजिट के दौरान बच्चों को विद्यालय के परिसर, कक्षा –कक्ष, खेल मैदान व्यवस्था से परिचित कराया गया !बच्चों का शिक्षकों एवं विद्यालय के छात्र से परिचय कराया गया। बच्चों से कविता, कहानी, खेलकूद तथा अन्य रोचक गतिविधियां कराई गई !विजिट के दौरान बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। सभी बच्चों को निर्धारित समय पर नाश्ता /खाना उपलब्ध कराया गया। विजिट के पश्चात बच्चों से अनेक अनुभव साझा कराये गए। विजिट के दौरान बच्चों को नाश्ता एवं लंच निर्धारित समय पर प्रदाय किया गया। एक्सपोजर विजिट के वीडियोज को लाखों नन्हें कदम यूट्यूब चैनल पर साझा किये गए। बच्चों के विद्यालय जाने के प्रति उत्साह एवं रूचि व्यक्त की। एक्सपोजर विजिट से बच्चों मै विद्यालय के प्रति आत्मविश्वास एवं सरारात्मक रूचि विकसित हुई। एक्सपोजर विजिट सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पूरे समय बच्चों के साथ उपस्थित रही।

# साइबर सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा किया गया नागरिकों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में थाना स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा भारतीय स्टेट बैंक शाखा स्लीमनाबाद मै लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, संदिग्ध कॉल, नकली वेबसाइट और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने आमजन को समझाइश दी कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी ,बैंक खाते की जानकारी,एटीम /सीवीवी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। डिजिटल भुगतान करते समय पूरी सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।कार्यक्रम के दौरान लोगों को यह भी बताया गया कि यदि वे किसी साइबर अपराध का शिकार होते हैं तो बिना देरी किए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। स्लीमनाबाद पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि डिजिटल युग में थोड़ी-सी सतर्कता बड़ी आर्थिक हानि से बचा सकती है। पुलिस का संदेश स्पष्ट रहा— सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।



# समिति ने बालिका गृह का किया सघन निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

*बालिकाओं से संवाद कर सुविधाओं एवं गतिविधियों की ली विस्तृत जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय निरीक्षण समिति ने मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित बालिका गृह का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 (संशोधित 2021) की धारा 54 के तहत जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं के निरीक्षण हेतु समिति का गठन किया गया है। यह समिति अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र की अध्यक्षता में कार्यरत है। समिति में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अब्दुल गफ्फार सदस्य सचिव के रूप में तथा योगेश सिंह बघेल (अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति), डॉ. पूजा हिन्दूजा, डॉ. संदीप निगम (जिला चिकित्सालय), निर्भय सिंह एवं डॉ. अशोक चौदहा सदस्य के रूप में शामिल हैं।



समिति द्वारा गत दिवस 'लिटिल स्टार फाउंडेशन' द्वारा संचालित बालिका गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति ने गृह में निवासरत बालिकाओं को उपलब्ध आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेल-कूद सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने बालिकाओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति, दैनिक दिनचर्या, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा संस्था में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही संस्था के वातावरण एवं व्यवस्थाओं को लेकर उनका फीडबैक भी लिया गया।

निरीक्षण के दौरान समिति ने संस्था अधीक्षक से बालिकाओं के पुनर्वास प्रयासों, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की स्थिति एवं अभिलेखों के संधारण के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अपर कलेक्टर श्री मिश्र ने अधीक्षक सुश्री अपर्णा यादव को बालिका गृह के संचालन को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव प्रदान किए।

## निगमायुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सौपे गये कार्य दायित्व

# बाढ़ एवं जलभराव की आपात स्थितियों से निबटने व्यापक तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मानसून के दौरान संभावित अतिवृष्टि, बाढ़ और जलभराव जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर शहर में आपदा प्रबंधन की व्यापक कार्ययोजना लागू कर दी गई है। इसके तहत बाढ़ नियंत्रण, जल निकासी, राहत एवं बचाव कार्यों के लिए अलग-अलग अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार उपायुक्त श्रीमती प्रियंका झारिया को बाढ़ नियंत्रण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं सहायक बाढ़ नियंत्रण अधिकारी के रूप में सुधीर मिश्रा को वार्ड 1 से 15, अंशुमान सिंह को वार्ड 16 से 30 और जागेश्वर प्रसाद पाठक को वार्ड 31 से 45 तक की जिम्मेदारी दी गई है।

#### बाढ़ प्रकोष्ठ गठित, नदी के जलस्तर पर रहेगी पैनी नजर

निगम प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण अधिकारी के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर बाढ़ प्रकोष्ठ और कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। यह टीम नदी के जलस्तर की लगातार निगरानी करेगी और हालात बिगड़ने पर वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत सूचना देगी। साथ ही राहत सामग्री का भंडारण, स्थानीय गोताखोरों की सूची और सामाजिक संस्थाओं से समन्वय भी सुनिश्चित किया जाएगा।

#### जर्जर भवनों, घाटों और इमारतों पर विशेष निगरानी

प्रशासन ने जर्जर और खतरनाक भवनों पर कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं। जी+2 या उससे ऊंची इमारतों में तड़ित चालक लगाने और अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य किया गया है। नदी घाटों पर बैरिकेडिंग की जाएगी ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। शहर के सभी नाले, नालियां, स्टॉर्म वॉटर ड्रेन और सीवरेज लाइनें साफ रखने के निर्देश दिए गए हैं। जलभराव वाले इलाकों में तुरंत पानी निकासी, ब्लीचिंग और कीटनाशक छिड़काव कराया जाएगा। कंट्रोल रूम में सफाईकर्मियों की विशेष टीम 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

#### फायर ब्रिगेड, मोटर पंप और सर्च लाइट रहेंगे अलर्ट मोड पर

आपदा के समय त्वरित कार्रवाई के लिए सभी फायर ब्रिगेड वाहनों को चालू हालत में रखने के निर्देश दिए गए हैं। जलभराव वाले स्थानों, खासकर सागर पुलिया जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में मोटर पंप और पोर्टेबल पंप तैनात किए जाएंगे। साथ ही सर्च लाइट, सायरन, जनरेटर, हेलोजन और पेट्रोमेक्स जैसी व्यवस्थाएं भी तैयार रखी जाएंगी।

संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों का चिन्हांकन कर लिया गया है। जरूरत पड़ने पर नाव, लाइफ जैकेट, रस्सी, रेनकोट, टॉर्च, हेलमेट और बचाव उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। राहत स्थलों पर भोजन और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

#### कमजोर होर्डिंग्स और यूनिपोल हटेंगे

बारिश और तेज हवाओं के बीच हादसों की आशंका को देखते हुए पुराने, कमजोर और जर्जर होर्डिंग्स, यूनिपोल और गैंटी संरचनाओं की जांच कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।निगमायुक्त तपस्या परिहार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मानसून के दौरान सभी अधिकारी पूर्ण सतर्कता के साथ कार्य करें और किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों को तत्काल राहत व सहायता उपलब्ध कराएं। उनका कहना है कि नगर निगम का लक्ष्य वर्षाकाल में जन-धन की सुरक्षा के साथ प्रभावी आपदा प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

# घर में घुसकर महिला से बलात्कार करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा गया हवालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य व एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के निर्देशन मे, थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई।



पुलिस के अनुसार दिनांक 30/06/2026 को विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र की पीड़िता के द्वारा की गई रिपोर्ट पर महिला थाने में जीरो एफआईआर करने के उपरांत थाने में अपराध धारा 296 (6),(332(b) 351 (3),64 (1) 78(2) bns की असल कायमी की गई। पीड़िता के द्वारा बताया गया कि वह एक शादीशुदा महिला है और आरोपी की पत्नी पीडिता की सहेली है इसी वजह से आरोपी और पीड़िता का आपस में संपर्क हुआ। आरोपी पीड़िता से करीब दो माह से बात करने के लिए लगातार दबाव बना रहा था। चूंकि उसके पति कथा वाचने के लिए 15 से 20 दिनों के लिए घर से बाहर जाते रहते हैं इसी का फायदा उठाकर आरोपी प्रशांत उर्फ शेरा मिश्रा पिता सुंदरलाल मिश्रा 49 वर्ष, निवासी ग्राम बडगइयां सलैया थाना विजयराघवगढ़ के द्वारा दिनांक 15/6/26 को पीड़िता के ही घर में बलात्कार किया गया। पीड़िता के पति के वापस आने पर पीड़िता ने पूरी घटना बताई और फिर पुलिस में रिपोर्ट की।

पीड़िता की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए आरोपी शेरा मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार किया और बुधवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां पर उसे न्यायालय के द्वारा न्यायिक हिरासत में रखने के आदेश पर जिला जेल कटनी में दाखिल किया गया।

कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी.अभिषेक चौबे, उनि रामकुमार झारिया, एएसआई जगदीश पांडे आरक्षक पप्पू प्रजापति, अंजनी झा एवं आरक्षक चालक मज्जू कोल का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से नीचे गिरे यात्री की हालत गंभीर

**कटनी।** ट्रेन के गेट पर बैठा एक यात्री अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर गया। इस हादसे में यात्री के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल यात्री की हालत नाजुक बनी हुई है। ट्रेन से यात्री के गिरने की खबर मिलते ही रेलवे अमला तुरंत हरकत में आया और राहत कार्य शुरू किया गया। अमदरा के स्टेशन मास्टर ने कटनी के डिप्टी एसएस कमर्शियल सुरजीत आचार्य को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही डिप्टी एसएस ने सफाई मित्रों को मौके पर भेजा और साथ ही '108 एम्बुलेंस' को कॉल किया। रेलवे टीम और एम्बुलेंस ने बिना देरी किए लहूलुहान हालत में ट्रैक के किनारे पड़े यात्री को उठाया और तत्काल कटनी जिला अस्पताल के लिए रवाना किया। जानकारी के मुताबिक, यात्री की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। डॉक्टरों का कहना है कि हादसे में यात्री के सिर में गहरी चोट आई है और काफी खून बह चुका है। अंदरूनी चोटें अधिक होने के कारण मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उसकी जान बचाने के लिए लगातार इलाज में जुटी हुई है। अगले कुछ घंटे मरीज के लिए बेहद नाजुक बताए जा रहे हैं। गंभीर रूप से घायल होने के कारण यात्री फिलहाल कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन यात्री के पास मिले सामान और टिकट के जरिए उसकी पहचान स्थापित करने की कोशिश कर रही है, ताकि उसके परिजनों को हादसे की सूचना दी जा सके।

### वन अधिकार दावों के पुनः परीक्षण के लिए चलेगा विशेष अभियान

**कटनी।** वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित एवं निरस्त दावों के पुनः परीक्षण के लिए प्रदेशभर में बुधवार से एक विशेष अभियान शुरू हो गया है। यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जिले में इस अभियान के संचालन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस अभियान में व्यक्तिगत वन अधिकार (IFR) और सामुदायिक वन अधिकार (CFR) से जुड़े दावों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही नए दावों को भी अभियान के दौरान स्वीकार कर उनका परीक्षण किया जाएगा। पूर्व में 31 दिसंबर 2025 तक दावों के परीक्षण का कार्य किया गया था, जिसमें लगभग 87,233 दावों में से 20,994 दावों का निराकरण किया गया था। शेष 66,239 दावों के निराकरण के लिए अब यह विशेष पुनः परीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक ग्राम में विशेष कैंप लगाकर दावों का परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए ग्रामीणों को पहले से सूचना देकर अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्री तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### नवोदय विद्यालय में चयनित हुई कामना सिंह



**उमरियापान।** संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उमरियापान की कक्षा 11वीं की छात्रा कामना सिंह का लैटरल एंट्री के माध्यम से जिले के पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बड़वारा में गणित संकाय के लिए चयन हुआ है। यह चयन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया गया है। उमरियापान के समीप स्थित ग्राम बरेली निवासी मोहन सिंह की पुत्री कामना सिंह ने अपनी मेहनत और लगन से परीक्षा में सफलता प्राप्त कर नवोदय विद्यालय में अध्ययन का अवसर हासिल किया है। छात्रा की इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ विद्यालय में भी खुशी का माहौल है। जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के प्राचार्य पी. प्रकाश ने संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उमरियापान के प्राचार्य मुकेश पटेल को छात्रा के चयन की जानकारी दी। छात्रा की इस सफलता पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कामना सिंह को बधाई दी है।

---

प्रियदर्शनी बस स्टैंड में परिवहन एवं यातायात विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# मनमानी पड़ गई महंगी: 7 बसों पर ठोंका जुर्माना, 8 की फिटनेस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





जिले में सड़क एवं यात्री सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा बुधवार को कटनी बस स्टैंड पर संयुक्त सघन जांच अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में संपन्न हुई।

अभियान के दौरान कुल 41 यात्री बसों का निरीक्षण किया गया। जांच में 7 बसों में विभिन्न प्रकार की कमियां पाई गईं, जिन पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 7 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। संबंधित वाहन संचालकों को भविष्य में सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

जांच के दौरान एक गंभीर अनियमितता भी सामने आई, जिसमें 8 बसों में आपातकालीन निकास (इमरजेंसी डोर) के सामने सीटें लगाई गई थीं। इसे यात्रियों की सुरक्षा के साथ गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित बसों की फिटनेस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप सुधार और पुनः निरीक्षण के बाद ही इन बसों की फिटनेस बहाल की जाएगी।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री संतोष पॉल ने कहा कि यात्री वाहनों में सुरक्षा मानकों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। इमरजेंसी निकास को अवरुद्ध करना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बस संचालकों से नियमित वाहन रखरखाव एवं सभी वैधानिक दस्तावेज अद्यतन रखने की अपील की।

यातायात विभाग के अधिकारियों ने वाहन चालकों एवं परिचालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि यात्रियों के जीवन की सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी भी है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में परिवहन नियमों के उल्लंघन, ओवरलोडिंग तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले वाहनों के विरुद्ध ऐसे संयुक्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि सुरक्षित एवं व्यवस्थित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

---

# मूंग-उड़द खरीदी के लिये 7 उपार्जन केंद्र निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) के लिए समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का उपार्जन 1 जुलाई से प्रारंभ हो गया है, जो 10 अगस्त 2026 तक जारी रहेगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिले में किसानों की सुविधा के लिए 7 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द की खरीदी की जाएगी।

सरकार द्वारा इस वर्ष एफएक्यू (FAQ) गुणवत्ता वाली मूंग का समर्थन मूल्य 8,767 रुपये प्रति क्विंटल तथा उड़द का समर्थन मूल्य 7,800 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

### इन केन्द्रों में होगा उपार्जन

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कटनी तहसील के लिए प्राथमिक कृषि साख समिति कैलवाराकला द्वारा CWC परिसर इमलिया में खरीदी की जाएगी। ढीमरखेड़ा तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति पान उमरिया द्वारा राधेकृष्ण वेयरहाउस, बड़वारा तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति विलायतकला द्वारा पंचमुखी वेयरहाउस बसाड़ी, बहोरीबंद तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति हथियागढ़ द्वारा जय रूपनाथ वेयरहाउस बचैया, विजयराघवगढ़ तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति जिवारा द्वारा CWC माँ शारदा वेयरहाउस अमुवारी, बरही तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति पिपरियाकला तथा स्लीमनाबाद तहसील में महाकाल विपणन सहकारी समिति बहोरीबंद द्वारा तिवारी ब्रदर्स वेयरहाउस स्लीमनाबाद में खरीदी की जाएगी।

### सप्ताह में 5 दिन होगा उपार्जन कार्य

उपार्जन कार्य सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित किया जाएगा। किसानों को शाम 6 बजे तक तौल पर्ची जारी की जाएगी। विशेष परिस्थितियों में ही शनिवार को तौल कार्य किया जाएगा।

केंद्र प्रभारियों को मौसम के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें वाटरप्रूफ तिरपाल, नमी मापी यंत्र (मॉइस्चर मीटर), बड़े इलेक्ट्रॉनिक कांटे, छननी तथा ग्रेडिंग मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है।

---

न्यायालय ने सुनाया फैसला, अर्थदंड से भी किया दंडित

# हत्या के प्रयास के मामले में 4 आरोपियों को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



हत्या का प्रयास के मामले में न्यायालय ने चार आरोपियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया है। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए ग्राम झिरिया निवासी अविनाश तिवारी, हेमंत तिवारी, रामपाल तिवारी, एवं शिवराम तिवारी को धारा 307/34 भादवि (हत्या का प्रयास) में सभी आरोपियों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास और 1,000 - 1,000 रुपये का अर्थदण्ड, धारा 323/34 भादवि में सभी आरोपियों को 06-06 माह का सश्रम कारावास और 1,000 - 1,000 रुपये का अर्थदण्ड से दंडित किया है।

### प्रकरण का घटनाक्रम

मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार घटना 5 नवंबर 2019 की शाम करीब 05:30 बजे की है। पीड़ित छात्र शिवनारायण तिवारी जब बरही स्कूल से घर लौटा, तो उसने अपने दादा (सूचनाकर्ता) नंदकुमार तिवारी को बताया कि अनुराग तिवारी ने स्कूल में उसे दो झापड़ मारे हैं। जब शिवनारायण के पिता रामनारायण ने अनुराग को बुलाकर समझाने का प्रयास किया, तो अनुराग गाली-गलौज पर उतारू हो गया और जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच आरोपी शिवराम, रामपाल और हेमंत तिवारी वहां पहुंचे और रामनारायण के साथ मारपीट कर उनके कपड़े फाड़ दिए। इसी दौरान अनुराग तिवारी ने ट्रैक्टर की लोहे की पट्टी उठाकर और अविनाश तिवारी ने लाठी से शिवनारायण के सिर पर जोरदार हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण शिवनारायण जमीन पर गिर गया। बीच- बचाव के बाद परिजन उसे तत्काल बरही सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय कटनी और फिर वहां से जबलपुर रेफर किया गया।

घटना के बाद थाना बरही में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। पुलिस ने गवाहों के बयान, घटना स्थल का पटवारी नक्शा और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाकर न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया।

प्रकरण की पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक नारायण तिवारी (कटनी) द्वारा की गई। उन्होंने न्यायालय के समक्ष सभी महत्वपूर्ण गवाह, दस्तावेज और वैज्ञानिक साक्ष्य मजबूती से प्रस्तुत किए। न्यायालय ने अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए आरोपियों को इस गंभीर अपराध के लिए कड़ा दंड सुनाया।

---

## बैंक शाखा परिसर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा श्रीमती महिमा रघुवंशी के निर्देशन में एएसआई विजेंद्र तिवारी, आरक्षक गंधर्व एवं आरक्षक दुम्मन द्वारा ढीमरखेड़ा स्थित एसबीआई शाखा में बैंक कर्मचारियों की उपस्थिति में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैंक उपभोक्ताओं एवं ग्रामीण नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर एएसआई विजेंद्र तिवारी ने उपस्थित नागरिकों को बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ फोन पर अपना OTP, UPI पिन, बैंक खाता विवरण, एटीएम/डेबिट कार्ड नंबर, CVV अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। साथ ही मोबाइल पर प्राप्त किसी भी संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें, क्योंकि इससे साइबर ठग बैंक खाते से धनराशि निकाल सकते हैं।उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाए, तो बिना विलंब किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा www.cyber-crime.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत करें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

---

# जिले के 451 हितग्राहियों के बैंक खाते में पहुंची 9 करोड़ 61 लाख रुपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नें राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से संबल योजना अंतर्गत जिले के 451 हितग्राहियों के बैंक खाते में 9 करोड़ 61 लाख रुपए की अनुग्रह राशि अंतरित की है।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्तिथ एनआईसी कक्ष के साथ समस्त निकायों के मुख्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट कार्यालय कटनी में स्थित एनआईसी कक्ष में नगर निगम एवं जनपद पंचायत कटनी के हितग्राहियों के साथ-साथ श्रम विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के 88 संबल योजना के हितग्राहियों के खाते में 01 करोड़ 87 लाख रुपए की राशि अंतरित हुई है। इसी प्रकार जनपद पंचायत कटनी के 73 हितग्राहियों कों 01 करोड़ 58 लाख रूपये की राशि, जनपद पंचायत बड़वारा के 66 हितग्राहियों कों 01 करोड़ 46 लाख रूपये की राशि अंतरित की गयी।

इसी प्रकार जनपद पंचायत रीठी के 64 हितग्राहियों कों 01 करोड़ 36 लाख रूपये , जनपद पंचायत बहोरीबंद के 81 हितग्राहियों कों 01 करोड़ 66 लाख रूपये ,जनपद पंचायत विजयराघवगड़ के 66 हितग्राहियों कों 01 करोड़ 42 लाख रूपये , नगर निगम कटनी के 07 हितग्राहियों कों 14 लाख रूपये , नगर परिषद केमोर के 03 हितग्राहियों कों 06 लाख रूपये एवं नगर परिषद बरही के 03 हितग्राहियों कों 06 लाख रूपये की राशि अंतरित की गयी है।

मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं, साथ ही श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिये सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

---

कुकिंग कॉम्पटीशन का सीईओ ने निरीक्षण कर लिया जायजा

# पौष्टिक आहार और व्यंजनों को चखा विजेता प्रतिभागियों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत आयोजित कुक-कम हेल्पर के कुकिंग कांपटीशन प्रतियोगिता का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए विभिन्न स्व सहायता समूहों की 30 रसोइयों/प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

### व्यंजनों को चखकर करी प्रशंसा

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष एवं सीईओ सुश्री कौर ने प्रतिभागियों द्वारा मोटे अनाज (मिलेट्स) और अन्य पोषक तत्वों से युक्त सामग्री से बनाए गए पौष्टिक भोजन और व्यंजनों को चखकर पाक कला के



हुनर की मुक्त कंठ से सराहना की।

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा और श्रीमती कौर ने विजयी प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को क्रमशः 5000, 3000 और 2000 रुपए की नगद राशि, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। वही सांत्वना पुरस्कार के रूप में□1000 की नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पाक कला में पारंगत स्वसहायता समूह की महिलाओं की हौसला अफजाई की गई।

जनपद पंचायत कटनी एवं जनपद शिक्षा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कुकिंग कंपटीशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जय अंबे स्व सहायता समूह की ज्योति राव, द्वितीय स्थान कल्याणी समूह की श्रीमती अर्चना तिवारी और जागृति समूह की श्रीमती देवकी बाई एवं तृतीय स्थान पर श्रीराम समूह की राजकुमारी त्रिपाठी वैभव समूह की श्रीमती जमुना बैरागी एवं गंगा समूह की शाहिस्ता को नगद राशि शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कुकिंग कंपटीशन का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन में उपयोग की जाने वाली सामग्री से अधिक स्वादिष्ट पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन तैयार करने की संस्कृति को प्रोत्साहित करना, भोजन निर्माण में नवाचार एवं रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अनाजों, दालों ,हरी सब्जियां, मोटे अनाज एवं अन्य पोषक तत्वों से युक्त व्यंजनों को बढ़ावा देना, स्थानीय एवं पारंपरिक व्यंजनों की पहचान करना जो विद्यार्थियों को अधिक पसंद आए तथा भविष्य में उन्हें मध्यान्ह भोजन के मेन्यू में सम्मिलित किया जा सके। पोषण, स्वाद एवं लागत के मध्य संतुलन स्थापित कर शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन निर्माण को बढ़ावा देना है।

---

कटनी जिले में लागू हुई विकसित भारत अधिनियम जी राम जी

# अब साल भर में मिलेगा 125 दिन का रोजगार, विकास में तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में बुधवार 1 जुलाई से विकसित भारत जी राम जी अधिनियम पूरी तरह से लागू हो गया है। अधिनियम के लागू होने से अब वर्ष भर में 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इससे न सिर्फ ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अधोसंरचनात्मक विकास को भी गति मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका एवं अधोसंरचनात्मक विकास के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम-जी) अधिनियम-2025 को पहले ही अधिसूचित किया जा चुका है। प्रदेश में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लागू होने के साथ ही मनरेगा अधिनियम स्वतः ही निरस्त हो गया है।

विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम ग्रामीण विकास के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन है जो विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक समेकित रूप में भविष्य उन्मुख एवं उत्पादकता आधारित ग्रामीण विकास में ढांचागत परिवर्तन कर एक नए युग की शुरुआत करता है।

अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्य जो अकुशल कार्य करने के इच्छुक हैं उनके लिए एक वित्तीय वर्ष में 125 दिन के रोजगार का प्रावधान किया गया है। इससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि के साथ आजीविका की सुरक्षा को मजबूती प्राप्त होगी। अधिनियम के प्रावधानों में श्रमिकों द्वारा कार्य की मांग करने पर उसे समय सीमा में कार्य उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है, अन्यथा उसे श्रमिक बेरोजगारी भत्ता पाने का हक होगा। अधिनियम के तहत कार्य करने वाले श्रमिकों को समय सीमा में प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रान्सफर-डीबीटी) के माध्यम से उनके बैंक अथवा डाकघर खातों में भुगतान किया जाना अनिवार्य किया गया है। अन्यथा वह श्रमिक विलम्बित क्षतिपूर्ति पाने का पात्र होगा।

अधिनियम में विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक व पीएम गति शक्ति के एकीकरण सहित शुरू किए जाने वाले कार्यों में जल-संबंधी कार्यों के माध्यम से जल सुरक्षा, ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत अवसंरचना, आजीविका-संबंधी अवसंरचना तथा प्रतिकूल मौसमीय घटनाओं के शमन के लिये कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

वीबी जी राम जी अधिनियम में बुवाई और कटाई के पीक सीजन में कृषि श्रमिकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक वित्तीय वर्ष में 60 दिनों की अवधि 'विराम अवधि' के रूप में रहेगी, जिससे कृषि कार्य के लिये श्रमिकों की उपलब्धता रहे।

### पारदर्शिता के लिए होगी डिजिटल निगरानी

अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन, जवाबदेही और पारदर्शिता के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना रियल टाइम निगरानी और उन्नत पारदर्शिता तन्त्र के माध्यम से मजबूती प्रदान करता है। इस प्रणाली में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, मोबाइल आधारित निगरानी, रियल टाइम डेशबोर्ड, एआई तकनीकी का प्रयोग किया जाना है, जिससे पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन, निगरानी, समयबद्ध रिपोर्टिंग और सुधारात्मक कार्यवाही की जा सकेगी।

### पंचायतें बनाएंगी कार्ययोजना

अधिनियम में कार्ययोजना विकसित ग्राम पंचायत प्लान के माध्यम से ग्राम पंचायतों द्वारा तैयार की जाएंगी, जिसमें पंचायतों की भौगोलिक स्थिति एवं विकास स्तर के अनुसार आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाएगा। क्रियान्वयन में ग्राम पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वह श्रमिकों का पंजीकरण करने, ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी करने के लिए उत्तरदायी होगी।

---

# छात्राओं से कहा अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु 1 जुलाई से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रथम दिवस पर बुधवार शासकीय कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए आयोजित इस दीक्षारंभ कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ विषयों के प्राध्यापकों से परिचय कराया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने नवप्रवेशित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय में प्रवेश लेने के साथ ही छात्राओं को अपने अध्ययन के प्रति समर्पित रहना होगा। उन्होंने अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी है।

दीक्षारंभ कार्यक्रम की संयोजन के.जे. सिन्हा ने अपने संबोधन में छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय आपका अपना है, जहां आप मेहनत और लगन से अपने भविष्य के सपनों को साकार कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को महाविद्यालय के शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक अवसरों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. विमला मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालयी शिक्षा पूर्ण करने के बाद अब छात्राएं महाविद्यालय के नए शैक्षणिक परिवेश में प्रवेश कर रही हैं। यह न केवल उनकी शैक्षणिक यात्रा का नया चरण है, बल्कि उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

**खबर संक्षेप**

### शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन, नवागंतुक विद्यार्थियों का हुआ भव्य स्वागत

**देवेन्द्रनगर।** स्थानीय शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ (इंडक्शन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय (01 जुलाई से 03 जुलाई) इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के वातावरण, शैक्षणिक व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराना है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षारम्भ का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के नए सोपान के लिए मानसिक रूप से तैयार करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (छम्च), एबीसी आईडी (।ठब प्क) के महत्व और इंटर्नशिप के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### सोनवानी में आम रास्ते से हटाया गया अतिक्रमण, जेसीबी से हुई कार्रवाई

**अमानगंज।** ग्राम सोनवानी में लंबे समय से आम रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को राजस्व प्रशासन ने जेसीबी मशीन की सहायता से हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार श्री रूसिया एवं पटवारी की टीम मौके पर मौजूद रही। ग्रामीणों के अनुसार, अतिक्रमण के कारण किसानों और ग्रामीणों को खेतों तक आने-जाने में भारी परेशानी हो रही थी। इस संबंध में कई बार शिकायत किए जाने के बाद राजस्व प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

कार्यक्रम में मंच से भाजपा मंडल अध्यक्ष ने लगाए घटिया निर्माण के आरोप

# विधायक व पूर्व मंत्री ने किया 1 करोड़ 23 लाख के स्कूल कक्षों का लोकार्पण



## कहा सरकार की मनसा पर ठेकेदार लगा रहे पलीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

समूचे हटा क्षेत्र में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों की खबरें सभी ने खूब पढ़ी और सुनी होगी लेकिन यदि सत्तासीन भाजपा के पदाधिकारी ही आम जनता के बीच कार्यक्रमों में मंच से लोकार्पण के दौरान ही गुणवत्ताहीन निर्माण के आरोप लगाए तो इससे और हैरानी की बात क्या होगी ऐसा ही नजारा बुधवार को हिनौता मडियादो में बनाए गए स्कूल भवनों के लोकार्पण के दौरान देखने को मिला जहां विधायक उमादेवी खटीक पूर्व मंत्री एवं राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया एवं सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा हटा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल ने हिनोता में मंच से घटिया निर्माण के आरोप लगाए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके इस आशय से हटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हिनोता कला, व मडियादो में 1 करोड़ 23 लाख की लागत से हायर सकेंडरी स्कूल भवन के पास चार अतिरिक्त कक्ष एवं तीन लैब कक्षों का निर्माण लोक निर्माण विभाग की परियोजना कार्यान्वयन इकाई पीआईयू ने क्षेत्र में भवनों का निर्माण कराया है। गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए चयनित की गई निर्मला कंस्ट्रक्शन कंपनी दमोह द्वारा बनाए भवन 50 साल आगे की सोच कर निर्माण कार्य कराया गया है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि स्कूल भवन शिक्षा विभाग को हैंडओवर करने से पहले ही भवन निर्माण के गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### मंडल अध्यक्ष ने लगाए घटिया निर्माण के आरोप

हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर हिनौता में चार अतिरिक्त कक्ष एवं तीन लैब कक्षों का लोकार्पण विधायक उमादेवी खटीक एवं पूर्व मंत्री डॉक्टर रामकृष्ण कुसमरिया भाजपा के वरिष्ठ नेता बहादुर पटेल ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती शिवानी पटेल सहित तमाम भाजपाइयों व अधिकारी कर्मचारीयों की उपस्थिति के बीच भव्यता से लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ इसी बीच मंचीय कार्यक्रम के दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल ने अपने उद्बोधन में सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि हटा विधानसभा में जितने भी निर्माण कार्य ठेकेदारों द्वारा कराया जा रहे हैं वह गुणवत्ताहीन निर्माण किए जा रहे हैं जिससे साफ जाहिर होता है ठेकेदार सरकार की मंशा पर पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जिस छत के नीचे भविष्य संवारने की उम्मीदें होती है वही छत कमजोर हो तो समझ लीजिए कि देश का भविष्य असल में किस नींव पर टिका है। उन्होंने कहा कि दस साल तो ठीक यदि इसी बरसात में एक सप्ताह रेगुलर पानी गिर गया तो यह भवन धराशाही हो सकता है। उन्होंने बताया कि देश में अंग्रेजी शासन काल के भवन सैकड़ो वर्ष बावजूद भी आज के नए भवनों से कई गुना मजबूत हैं।

### ठेकेदार पर नकेल कसना जरूरी

उन्होंने मंच से आगे आरोपों की झड़ी लगाते हुए कहा कि ठेकेदार और अधिकारी क्या कार्य कर रहे हैं यह जनप्रतिनिधियों का कार्य है लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि निर्माण कार्यों पर मोन धारण किए हुए हैं। ठेकेदारों द्वारा पूरे क्षेत्र में घटिया निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं यह कमी हमारे जनप्रतिनिधियों की है। हम सभी की जवाबदारी बनती है की निर्माण कार्यों की निगरानी रखें।

वही संबंध में दमोह पीआईयू के कार्यपालन यंत्री रामानुज विश्वकर्मा से बात की उन्होंने बताया कि कक्षों का निर्माण स्टीमेट के आधार पर ही हुआ है जहां कुछ गड़बड़ी है शीघ्र ही हैंड ओवर के पूर्व सुधार किया जाएगा।

# शास. महाविद्यालय में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



बुधवार को तेंदूखेड़ा नगर के अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एक जुलाई को तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थिओं का स्वागत तिलक लगा कर किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री यशवंत अहिरवार द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की स्थापना, उपलब्धियों शैक्षणिक सुविधाओं, एवं अन्य संसाधनों के बारे में जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रवेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रभारी डॉ अरुणेन्द्र कुमार पटेल द्वारा विद्यार्थिओं को प्रवेश प्रक्रिया, स्नातक पाठ्यक्रम की संरचना संबंधी अध्यादेश एवं विषय चयन से अवगत कराते हुए पाठ्यक्रम संरचना एमओओसीएस कोर्सेस, परीक्षा संरचना की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में डॉ संध्या स्थापक द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कल्याण (एनटीएफ) विषय पर उद्बोधन दिया गया, साथ ही उनके द्वारा एंटी रैगिंग, महिला सुरक्षा, छात्र आचरण, विद्यार्थियों के संस्था के प्रति दायित्व विषय पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ मनीषा कुमारिया ने किया कार्यक्रम में समस्त शैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन में डॉ नन्दकिशोर निकोसे द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# जन्मदिन पर वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश



**दमोह।** शासकीय प्राथमिक शाला कनोरा रामनगर में लक्ष्य के राष्ट्रीय संरक्षक अमरपाल सिंह लोधी आईआरएस एडिशनल कमिश्नर भारत सरकार के जन्म दिन पर लक्ष्य टीम दमोह द्वारा शिक्षकों जन प्रतिनिधियो के साथ मिलकर वृक्षारोपण कर प्रकति संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण में शिक्षक शाहिद खान शिक्षक नोनेलाल साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंगल पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। पीएलवी रूपेन्द्र सिंह ने बताया की टीम प्रत्येक वर्ष लगातार क्षेत्र में वृक्षारोपण कर रही है और लोगों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का कार्य कर रहे हैं। टीम का उद्देश्य है कि आने वाले 15 वर्षों में बटियागढ़ तहसील के सभी कार्यालयों ,मंदिरों, और श्मशानघाटो पर जहां बाउंड्री से सुरक्षित क्षेत्र है। बहा लक्ष्य दमोह द्वारा रोपित पौधे होंगे रूपेन्द्र सिंह ने बताया कि भारतीय वेदों में एक पेड़ को सौ पुत्र समान पुण्य माना गया है। इसी लिए हम अपने वेदों की बातों को जन जन तक पहुंचाने के साथ लोगो की सांसे बढ़ाने के लिए प्रकृति संरक्षण में भारत को अग्रणी बनाने के लिए ये छोटे छोटे प्रयाश टीम के माध्यम से कर रहे हैं और लगातार करते रहेंगे।

# शिक्षक के सेवानिवृत होने पर हुआ सम्मान समारोह




**दमोह।** शासकीय माध्यमिक शाला ग्वारी में वरिष्ठ शिक्षक जिनेन्द्र जैन 43 वर्ष से अधिक की गौरवपूर्ण एवं समर्पित शासकीय सेवा पूर्ण करने पर स्थानीय होटल में सेवानिवृत्ति एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटार्ड सूबेदार एन एल अठ्या ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आर पी पटेल, उत्तम पटेल मंचसीन रहे.प्राचार्य आर पी पटैल ने कहा कि शासकीय शिक्षक की भूमिका बहुत कठिन होती है वह गरीब परिवार के बच्चों के भविष्य का निर्माण तो करता ही है उसके साथ अनेको जिम्मेदारी भी बखूबी निभाता है, श्री जैन ने गृह ग्राम सोमखेड़ा से शिक्षक का कार्य प्रारम्भ किया और शासकीय विद्यालय ग्वारी तक अपने कर्तव्य का निर्वाहन लम्बे समय तक निर्विवाद रहते हुए किया जो अनुकरणीय है. सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति होती है, सेवा और समर्पण से नहीं होती इसीलिए सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया जाता है। अध्यक्षता कर रहे श्री अठ्या ने कहा कि लंबे समय से मेरे पड़ोसी जिनेन्द्र जैन एक सरल स्वाभाव के व्यक्ति होने के साथ समय और अनुशासन प्रिय व्यक्ति है. बिताए गए यादगार पलों को स्मरण किया और उनको एक आदर्श पडोसी होने की बात कही. ग्वारी विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने अपने विद्यालय में श्री जैन के साथ अनुभवों, चुनौतियों और सेवा के समय को अमूल्य धरोहर बताया, उनके योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण करते हुए शुभकामनाएं दीं। सेवानिवृत्त होने पर परिजनों सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने आत्मीय स्वागत कर उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संकुल के समस्त शिक्षकों एवं ग्वारी शाला परिवार ने सहभागिता करते हुए के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना की। सभी वक्ताओं ने उनके सरल, अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

# पल्स पोलियो अभियान में टाइम्स कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



टाइम्स कॉलेज ऑफ फार्मेसी के 65 छात्र-छात्राओं ने जिले में आयोजित तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुशील गुप्ता, एपीएस श्री नरेश राठौर एवं सुपरवाइजर मनीष पांडे के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 28, 29 एवं 30 जून 2026 तक संचालित अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 1,200 से अधिक बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई गई।अभियान के दौरान महाविद्यालय की ओर से प्रो. डॉ. सौरभ सोनी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर भूमिका चैरसिया ने नोडल अधिकारी के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों ने सेवा-भाव, अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।विद्यार्थियों के उत्कृष्ट कार्य की जिला स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन ने सराहना की। महाविद्यालय परिवार ने इसे गर्व का विषय बताते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहित एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों में निरंतर सहभागिता का संकल्प व्यक्त किया।

# किसानों को उन्नत राहर और उड़द बीज मिनी किट का वितरण



**पथरिया।** किसान कल्याण व कृषि विभाग द्वारा जनपद पंचायत के सभागार में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कृषकों को उन्नत किस्म के अरहर व उड़द के बीजों की मिनी किट का नि शुल्कवितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. खिलान अहिरवार, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि उदयभान पटेल, जनपद सदस्य व कृषि स्थाई समिति के सदस्य रघुवीर सिंह, जनपद सदस्य लाखन प्रजापति तथा उन्नतशील किसान भरत पटेल व सुनील पटेल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की गई। जनपद अध्यक्ष ने कहा कि विभाग द्वारा वितरित किए जा रहे बीज बेहद उन्नतशील प्रजाति के हैं। उच्च गुणवत्ता के कारण ही इन्हें मिनी किट (सीमित मात्रा) के रूप में दिया गया है उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इसकी वैज्ञानिक तरीके से बोनी करें, ताकि भविष्य में बेहतर और बंपर उपज प्राप्त हो सके। कम पानी वाली फसलों पर जोर और योजनाओं की जानकारी कृषि विभाग के प्रभारी एसएडीओं शीतल पटेल ने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और बीज वितरण के महत्वपूर्ण कागज जमा कर बीज लेने की बात कही। कार्यक्रम का सफल संचालन कर रहे उन्नतशील कृषक दिलीप पटेल ने मौसम की स्थिति को देखते हुए किसानों को महत्वपूर्ण सलाह दी उन्होंने कहा कि इस बार बारिश कम होने की संभावना है, इसलिए सभी किसान भाई कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की ही बोनी को प्राथमिकता दें। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को समय पर उन्नत बीज उपलब्ध कराने के लिए सरकार व प्रशासन का आभार भी जताया। इस अवसर पर कृषि विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी बी.डी.पटेल, प्रहलाद सिंह लोधी, संजय पटैल, बिरला, प्रिंस जैन, राघवेन्द्र पटैल, आत्मा परियोजना से महेंद्र पटैल, रोहित पाल सहित विभाग के बड़ी संख्या में क्षेत्र के लाभार्थी किसान उपस्थित रहे। जिन्हें बीज वितरण किया गया।

# 44 वर्षों की गौरवशाली सेवा के बाद शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई



**बनवार।** जिले के जबेरा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम रोड़ में पदस्थ सहायक शिक्षक एवं प्रभारी प्रधान पाठक श्री रमेश प्रसाद राय के सेवानिवृत्ति अवसर पर गरिमामय सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। 44 वर्षों तक शिक्षा क्षेत्र में अपनी समर्पित, उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय सेवाएं देने के बाद उनके सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार और ग्रामवासियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 8 बजे विद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समारोह में बम्होरी संकुल प्राचार्य श्री गोपाल महोबिया एवं रोड़ हाई स्कूल के प्राचार्य श्री नरपल सिंह प्रमुख रूप से शामिल हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सत्येंद्र सिंह 'बबलू' दीवान की उपस्थिति रही। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने श्री राय के शिक्षकीय जीवन को प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री राय ने केवल पाठ्यक्रम तक सीमित शिक्षा नहीं दी, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का भी संचार किया। उनके मार्गदर्शन में शिक्षित कई विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता अर्जित कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामवासियों द्वारा श्री राय को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान भावुक माहौल भी देखने को मिला, जहां सहकर्मियों एवं ग्रामीणों ने उनके साथ बिताए पलों को साझा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में श्री राय के परिवारजनों—प्रकाश राय, भारत भूषण राय, साहिल राय, प्रशांत राय एवं नयन राय सहित समस्त राय परिवार ने उपस्थित अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। समारोह का सफल आयोजन विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी ने रमेश प्रसाद राय के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घ जीवन की कामना की।

# झमाझम बारिश के बाद किसानों ने शुरू की खरीफ फसलों की बुवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

सोमवार को नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश के बाद बुधवार से किसानों ने खरीफ फसलों की तैयारियों में तेजी ला दी है। पर्याप्त नमी मिलने के बाद किसान अपने-अपने खेतों में ट्रैक्टरों से जुताई कर धान और मक्का की बुवाई शुरू कर चुके हैं। बारिश के कारण खेतों की मिट्टी में अच्छी नमी आ गई है, जिससे बुवाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि इस वर्ष मानसून की बारिश सामान्य से कुछ देर से शुरू हुई है। समय पर वर्षा नहीं होने के कारण बुवाई का कार्य भी प्रभावित हुआ और किसानों को बारिश का इंतजार करना पड़ा। अब अच्छी वर्षा होने से किसानों ने राहत की सांस ली है और पूरे उत्साह के साथ खेतों में कृषि कार्य प्रारंभ कर दिया है। बुधवार सुबह से ही कई गांवों में ट्रैक्टरों की आवाजाही बढ़ गई। किसान खेतों की जुताई कर धान और मक्का के बीज बोने में जुटे रहे। कुछ किसान खेतों की मेड़ों की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था भी करते नजर आए, ताकि आगे होने वाली बारिश का पानी खेतों में पर्याप्त मात्रा में बना रहे और फसलों को लाभ मिल सके। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में नियमित अंतराल पर अच्छी बारिश होती रही, तो धान और मक्का की फसल बेहतर होने की उम्मीद है। हालांकि उनका यह भी कहना है कि मानसून की शुरुआत में हुई देरी से फसल चक्र थोड़ा प्रभावित हुआ है, लेकिन अब मौसम अनुकूल बना रहा तो उत्पादन पर अधिक असर नहीं पड़ेगा। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, बुवाई के समय खेतों में पर्याप्त नमी होना आवश्यक होता है। हाल की बारिश से मिट्टी में नमी का स्तर बढ़ा है, जिससे बीजों के अंकुरण की संभावना बेहतर हो गई है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि वे प्रमाणित बीजों का उपयोग करें तथा मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्य करें। क्षेत्र में बारिश के बाद खेतों में एक बार फिर रौनक लौट आई है। किसान पूरे उत्साह के साथ खरीफ सीजन की शुरुआत कर रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस वर्ष मानसून का साथ मिला तो धान और मक्का की अच्छी पैदावार होगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

# तेंदूखेड़ा में आत्मनिर्भर ट्राइबल डेवलपमेंट परियोजना का शुभारंभ



**तेंदूखेड़ा।** स्वैच्छिक संस्था एफीकोर द्वारा जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा कार्यालय में आत्मनिर्भर ट्राइबल डेवलपमेंट परियोजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर एफीकोर के प्रमुख संचालक रमेश बाबू, जोनल मैनेजर दाइच किशोर तथा जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ मनीष बागरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री दाइच किशोर ने परियोजना के उद्देश्य एवं कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य आदिवासी समुदाय के किसानों को आत्मनिर्भर बनाना, जैविक खेती को बढ़ावा देना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा किसानों की आजीविका को सशक्त बनाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष बागरी ने किसानों को संबोधित करते हुए जैविक खेती अपनाने, रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने तथा प्राकृतिक कृषि पद्धतियों के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परियोजनाएं किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री संत कुमार पाल, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, एफीकोर की परियोजना टीम तथा परियोजना क्षेत्र के 7 गांवों से आए किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों ने किसानों से परियोजना के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षणों एवं गतिविधियों का अधिकतम लाभ उठाने तथा जैविक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

# बावड़ी उत्सव से दिया जल संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सगौनी

उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं नगर परिषद पटेरा के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बावड़ी परिसर में बावड़ी उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्रोतों के संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा जन-जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि श्री गणेश पटेल रहे। मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता श्री दयाशंकर चौबे ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके बिना मानव जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह जल संरक्षण, जलाशयों की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय सहभागिता निभाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। मुख्य अतिथि श्री गणेश पटेल ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जल संरक्षण एवं जन-जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए समय निकालकर श्रमदान करने तथा जल स्रोतों के संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री दुलीचंद अहिरवार एवं नगर परिषद के इंजीनियर नितिन sandya मंचासीन रहे। इस अवसर पर गायत्री परिवार पटेरा एवं बरखेड़ा बेस द्वारा दीप यज्ञ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी बन गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं, समितियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन बावड़ी पूजन, दीप प्रज्वलन एवं गंगा आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, परिषद पदाधिकारियों तथा नवांकुर अध्यक्ष मुलाम राय, मुन्ना अवधिया, एंव बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही।

**खबर संक्षेप**

## बुजुर्गों के साथ मनाया गोपाल भार्गव का जन्मदिन



**दमोह।** भाजपा युवा नेता आलोक चौबे के नेतृत्व में वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के जन्मदिन के अवसर पर एक सराहनीय पहल करते हुए वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ भोजन किया गया। इस अवसर पर सभी युवाओं ने बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके साथ समय बिताकर सेवा भाव का परिचय दिया। कार्यक्रम में उपस्थित साथियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अवसरों पर समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर सेवा करना ही सच्ची मानवता है। इस दौरान पंडित राहुल नायक, पंडित प्रियांशु शर्मा, रोशन पटेल, ओंकार तिवारी, भानु प्रताप, मयंक उपाध्याय, गौरव रजक, अंकुश और हरिओम सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

## जिला जेल में लगा टीबी स्क्रीनिंग शिविर

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने बताया कि प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत उच्च जोखिम क्षेत्र के रूप में चिन्हित जिला जेल दमोह में विशेष टी.बी. स्क्रीनिंग शिविर लगाया गया।

## लायंस क्लब दमोह के नए अध्यक्ष बने अभिषेक गोयल



**दमोह।** 1 जुलाई डॉक्टर्स-डे के अवसर पर लायंस क्लब दमोह ने तीन महिला डॉक्टर का सम्मान टाइम्स कॉलेज परिसर में किया। डॉक्टर मोनिका पालीवाल ने बताया कि चिकित्सा सिर्फ एक व्यवसाय नहीं समाज के प्रति जिम्मेवारी भी है, डॉ.प्रिया जैन ने डॉक्टर के कर्तव्य के बारे में बताया और डॉक्टर जया पसारी ने लोगों को आगाह किया कि सिर्फ गूगल के सहारे इलाज की ना सोचें, सही डॉक्टर का चुनाव कर भ्रांतियां से बचें। लायंस क्लब दमोह का नया सत्र प्रारंभ हुआ है, जिसमें नए अध्यक्ष ला.अभिषेक गोयल, सचिव ला.डॉ. हरिओम दुबे एवं कोषाध्यक्ष ला. अशोक छावड़ा ने सभी का आभार माना।

## दो हजार रूपये का ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंट के दमोह जिले अंतर्गत 02 स्थाई वारंटियो पर 02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री कलादगी ने उच्च न्यायालय जबलपुर के CRA NO. 1295/2011 में जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंटी तूफान ऊर्फ राजेन्द्र पिता भगवत प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष (अब 36 वर्ष) एवं गोविंद पिता दरवारी लाल विश्वकर्मा उम्र 29 वर्ष (अब 44 वर्ष ) निवासी हिनौता कला थाना गैसाबाद जिला दमोह पर 01-01 हजार रूपये के मान से 02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है।

### तीन बार चेतावनी के बाद भी नहीं चेता विभाग, चौथी बार गिरी छात्रावास के छत की छाप

# छात्रावास में छत की छाप गिरने से आठ छात्राएं घायल





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा**

दमोह जिले के पटेरा स्थित राजा बंदी छात्रावास में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। छात्रावास की छत की छाप अचानक भरभराकर गिर पड़ा, जिससे वहां मौजूद आठ छात्राएं सीमेंट के मलबे की चपेट में आकर घायल हो गईं। हादसे के बाद छात्रावास में चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल ने निजी वाहन से घायल छात्राओं को अस्पताल पहुंचाया, जहां जहां डा नेहा मिश्रा, डॉ रिया के साथ डॉ अभिषेक पटेल, डॉ बसंत व स्वास्थ्य टीम ने तत्काल इलाज प्रारंभ किया।

उनका प्राथमिक उपचार किया। घायल छात्राओं में रश्मि अहिरवार, अनामिका लोधी, लक्ष्मी अहिरवार, शिक्षा सेन, लक्ष्मी बर्मन, ज्योति सिंह, काजल अहिरवार और बबली पटेल शामिल हैं। जानकारी मिलते ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश गूजरे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। तत्काल बाद तहसीलदार उमेश तिवारी वहां पहुंचे व समुचित इलाज का अवलोकन किया। जानकारी पाकर एवं मामले की नाजुकता को देखते हुये हटा एसडीएम राकेश मरकाम पहुंचे व समूची जानकारी लेकर स्वास्थ्य केंद्र में ही पंचनामा तैयार कराया गया। पंचनामा में वार्डन और सहायक वार्डन की लापरवाही की बात लेख की गई है। सभी घायल बालिकाओं के समुचित इलाज हेतू एंबुलेंस वाहन से दमोह जिला चिकित्सालय भेजा गया।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम राजाबंदी एवं पटेरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जिसमें सहायक उपनिरीक्षक बलदेव अहिरवार एवं प्रधान आरक्षक दिनेश अहिरवार भी शामिल रहे। जबकि सांसद प्रतिनिधि गणेश पटेल और पूर्व सरपंच लक्ष्मीकांत पटेल ने भी अस्पताल पहुंचकर छात्राओं से मुलाकात की।

### तीन बार गिर चुका था छप्पर, फिर भी नहीं हुई मरम्मत

सबसे गंभीर बात यह है कि स्थानीय लोगों के अनुसार राजा बंदी छात्रावास का छप्पर इससे पहले भी तीन बार गिर चुका था। भवन की जर्जर स्थिति को लेकर संबंधित विभाग को कई बार लिखित शिकायतें और आवेदन दिए गए, लेकिन समय रहते न तो मरम्मत कराई गई और न ही छात्राओं की सुरक्षा के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। चौथी बार हुए इस हादसे ने विभागीय लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल प्रशासन ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं छात्राओं के परिजनों और स्थानीय नागरिकों ने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा छात्रावास भवन की तत्काल मरम्मत या नए भवन की व्यवस्था करने की मांग की है।

# शासकीय आवास पर तेंदूखेड़ा जनपद सीईओ का आकस्मिक निधन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा**

जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ मनीष बागरी 42 वर्ष का मंगलवार बुधवार दरमियानी रात्रि आकस्मिक निधन हो गया।
जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात्रि में श्री बागरी अपने जनपद पंचायत परिसर स्थित शासकीय आवास पर भोजन करने के बाद विश्राम के लिए चले गए थे। बुधवार सुबह लगभग 10 बजे जब कर्मचारी उन्हें चाय देने पहुंचे तो काफी आवाज देने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। कर्मचारियों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके आकस्मिक निधन की जानकारी लगने पर मध्य प्रदेश शासन की मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।
घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम सी.जी. गोस्वामी, तहसीलदार विवेक व्यास, एसडीओ (वन) प्रतीक दुबे, वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन, तारादेही वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र गुर्जर, प्रभारी कलेक्टर दमोह प्रवीण फुलपगार, एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व, एसडीओपी अर्चना अहीर, नगर निरीक्षक रवींद्र बागरी



सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनपद पंचायतों के कई मुख्य कार्यपालन अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और शोक व्यक्त किया। मध्य प्रदेश शासन के मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने भी उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। मंगलवार को श्री बागरी ने सामान्य रूप से अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन किया था। वे तहसील कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में शामिल हुए, इसके बाद जनपद पंचायत के एपिकोर कार्यक्रम में उपस्थित रहे। बाद में वे दमोह तथा सागर में आयोजित एक विदाई समारोह में भी शामिल हुए और रात्रि में तेंदूखेड़ा लौट आए। वे प्रायः जबलपुर से तेंदूखेड़ा आना-जाना करते थे तथा देर होने पर शासकीय आवास पर ही रुकते थे। उनका परिवार जबलपुर में रहता था उनकी पत्नी , एक छोटा बेटा लगभग तीन वर्ष और लगभग 11 वर्ष की बालिका है नगर से उन्हें था काफी लगाव-- मनीष बागरी ने वर्ष 2016 में पहली बार जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के सीईओ का पदभार संभाला था। वर्ष 2019 में उनका स्थानांतरण मंडला जिले में हुआ। विभिन्न जगहो में सेवाएं देने के बाद वर्ष 2023 में उनकी पुनः दमोह जिले में वापसी हुई। पहले वे जबेरा जनपद पंचायत के सीईओ रहे और बाद में पुनः तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत के सीईओ का दायित्व संभाला। अपने कार्यकाल में उन्होंने विकास कार्यों, प्रशासनिक व्यवस्था और जनसमस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सरल, मिलनसार और कार्यकुशल छवि के कारण वे अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय थे। घटना की सूचना मिलने पर उनके परिजन भी तेंदूखेड़ा पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीबीएमओ डॉक्टर अशोक बरोनिया का कहना है कि जनपद सीईओ की मौत साइलेंट अटैक से हुई है ऐसा लग रहा है लेकिन दो चिकित्सकों के पैनल द्वारा उनका पोस्टमार्टम कराया गया।
चिकित्सकों के प्रारंभिक तौर पर हृदयाघात की आशंका व्यक्त की जा रही है, हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

## राजाबंदी छात्रावास हादसे में बड़ी कार्रवाईः वार्डन निलंबित

**पटेरा।** पटेरा विकासखंड के नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास, राजाबंदी में सीलिंग का प्लास्टर गिरने से छात्राओं के घायल होने के मामले में जिला शिक्षा केंद्र ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए छात्रावास की वार्डन श्रीमती सीता स्वामी तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि जिला शिक्षा केंद्र द्वारा 3 जून 2026 को जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि जिन विद्यालयों एवं छात्रावासों की छतें जर्जर या असुरक्षित हैं, उनका उपयोग तत्काल बंद किया जाए। इसके बावजूद संबंधित छात्रावास में छात्राओं को रखा गया, जिसे प्रथम दृष्टया वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना एवं पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही माना गया। गौरतलब है कि राजाबंदी छात्रावास में प्लास्टर गिरने की घटना के बाद भवन की सुरक्षा व्यवस्था और विभागीय लापरवाही को लेकर गंभीर सवाल उठे थे। वार्डन के निलंबन के साथ ही मामले की विस्तृत जांच भी जारी है।

# बागेश्वर धाम महाराज पहुंचे राज्यमंत्री पटेल के शासकीय निवास पर



**दमोह।** श्री बागेश्वर धाम के महाराज पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एक दिवसीय प्रवास पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल के भोपाल स्थित शासकीय आवास पर पहुंचे थे। यहां पर प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल तथा उनके परिवार के सदस्य, पुत्र लकी लोकेंद्र पटेल ने महाराज जी का अभिनंदन कर स्वागत किया। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 29-30 जून की रात्रि मंत्री श्री पटेल के निवास पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया। इसके बाद प्रातः विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना व हवन का आयोजन हुआ, जिसमें गुरुदेव ने परिवार एवं उपस्थित जनों को आशीर्वाद प्रदान किए। राज्यमंत्री श्री पटेल के निवास पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, पूर्व संगठन महामंत्री हिंतानंद शर्मा, मंत्रीगण प्रहलाद सिंह पटेल, एंदल सिंह कंसाना, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, राकेश शुक्ला, श्रीमती प्रतिमा बागरी, राधा सिंह, नरेंद्र शिवाजी पटेल पूर्व मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया एवं रामखेलावन पटेल सहित सांसद, विधायक एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति तथा पशुपालन व डेयरी विभाग के पीएस श्री उमाकांत उमराव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही भोपाल क्षेत्र के अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा दमोह व पथरिया से आए श्रद्धालुओं ने भी महाराज जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने आशीर्वचन में सभी उपस्थितों से ईश्वर से आत्मिक जुड़ाव बनाए रखने, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने तथा समाज के कल्याण के लिए कार्य करने का आग्रह किया। महाराज जी ने बागेश्वर धाम से जुड़कर धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सहयोग देने का आह्वान किया तथा निकट भविष्य में भोपाल में कथा के आयोजन की सूचना भी दी। प्रवास के दौरान महाराज ने कैंसर अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सीएम हाउस एवं मंत्री उदय प्रताप सिंह के निवास पर जाकर तिलक-वंदन किया। इसके उपरांत महाराज एयरपोर्ट से खजुराहो स्थित बागेश्वर धाम के लिए प्रस्थान कर गए। राज्यमंत्री लखन पटेल ने उपस्थित गणमान्यों, अधिकारियों और प्रदेश के जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के साथ सहयोग से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

# करंट लगने से दो अलग-अलग युवकों की मौत

**डंपर से तिरपाल निकाल रहे हेल्पर की विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत**

### परिजनों ने ट्रक मालिक और चालक पर लगाए गंभीर आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा**



मडियादो थाना क्षेत्र के वर्धा तिराहे पर बुधवार दोपहर रेत से भरे डंपर की तिरपाल निकालते समय एक युवक को 33 केवी लाइन का करंट लग गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक को ट्रक चालक और मालिक हटा सिविल अस्पताल में छोड़कर चले गए इसके दो घंटे बाद उन्होंने परिजनों को जानकारी दी। जब परिजन हटा अस्पताल पहुंचे तो उन्हें बेटे का शव मिला। जिसके बाद उन्होंने हटा थाने पहुंचकर ट्रक चालक और मालिक पर मामला दर्ज करने की मांग की है। परिजनों ने आरोप लगाया कि मौत संदिग्ध अवस्था में हुई है। पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना पटेरा के बमुरिया निवासी 21 वर्षीय मृतक अमन पिता जितेंद्र पटेल डंपर पर हेल्परी का काम करता है जो की बुधवार को रेत भरने डंपर पर गया हुआ था जहां वर्धा में रेत से भरी गाड़ी खड़ी थी इसी दौरान चालक ने अमन से डंपर के ऊपर से तिरपाल हटाने के लिए कहा जो गीला था ऊपर से बिजली की 33 केवी लाइन निकली थी। जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। करंट लगने के बाद अमन नीचे गिर गया। ट्रक चालक और ट्रक मालिक उमाशंकर यादव निवासी छतरपुर का बताया गया है। मृतक के परिजनों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी। करीब 1 बजे उन्हें घटना से अवगत कराया गया। जब वह हटा अस्पताल पहुंचे तो अमन की मौत हो चुकी थी। उन्हें नहीं पता कि भाई को करंट कैसे लगा। इसलिए उनकी मांग है कि ट्रक चालक को ट्रक मालिक पर मामला दर्ज किया जाए। मड़ियादो थाना प्रभारी प्रीति पांडे ने बताया करंट लगने से युवक की मौत हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है।

वहीं दूसरी करंट की घटना में हटा थाना क्षेत्र के कुआखेडा बाजी गांव में घटित हुई जहां रतन पिता रघुवीर लोधी अपने छप्पर वाले घर पर काम कर रहा था वहीं से निकली विद्युत केबिल की चपेट में आनें से वह गंभीर घायल हो गया जहां परिजन उसे तुरंत सिविल अस्पताल हटा लेकर पहुंचे जहां डाक्टर परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित किया। पुलिस द्वारा पंचनामा कार्यवाहीं कर मर्ग कायम उपरांत शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा गया एवं पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## बाइक से गिरे भाई बहिन को ट्रक ने मारी टक्कर

**दमोह।** हटा पन्ना स्टेट हाईवे की क्षतिग्रस्त खराब सड़क पर एक बार फिर बाइक सवार हाथ से कैसे कारों का अस्पताल पहुंचे हैं। बुधवार को गैसाबाद थाना क्षेत्र में हिनौता कला के पास बाइक से जा रहे नाबालिक किशोर भाई-बहन बाइक से गिरने के बाद हादसे का शिकार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को हिनौता कला निवासी बसंत अहिरवार अपनी बहन गुन्नो को बाइक पर ले जा रहा था। रास्ते में खराब सड़क पर बाइक असंतुलित होकर फिसलते चली गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक दोनों को टक्कर मार ते हुए निकल गया। जिससे दोनों के दाहिने हाथ में गंभीर चोटों के साथ फैक्चर की स्थिति निर्मित हो गई। बाद में घायल भाई बहन को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जबलपुर रेफर कर दिया गया है। बहन के हाथ की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है वही भाई के हाथ में भी गंभीर चोट आई है।

In The Court Of Civil Judge Class-I, Civil Court, Hatta,District Court,Damoh
Presiding Officer: साजिद मोहम्मद
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु).(MJC SUC/0000002/2026)
बाबूलाल मिश्रा....................वादी Vs
श्रीमान तहसीलदार हटा..........प्रतिवादी
TID-499/2026
Process Id-/2026
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 20/07/2026
(1)आम जनता पता-तहसील हटा जिला दमोह म.प्र.
यह कि प्रार्थी बाबूलाल मिश्रा ने आपके विरुद्ध पेपर प्रकाशन के लिए वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे।
यह आज तारीख 30 June 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
साजिद मोहम्मद (न्यायाधीश)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
जिला दमोह (म.प्र.)
मुद्रा
कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह करण सुनवाई में लिया जायगा।

# पुलिस ने तीन वाहन चोरों को दबोचा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद वाहनों की कुल अनुमानित कीमत करीब 95 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार 23 जून को वसुंधरा कॉलोनी निवासी कृष्णकांत मिश्रा की होंडा ड्रीम योगा मोटरसाइकिल डायमंड पार्क से चोरी हो गई थी। वहीं 26 जून को सिंचाई कॉलोनी निवासी रमाकांत सेन की हीरो एचएफ डीलक्स बाइक भी चोरी हो गई थी। दोनों मामलों में कोतवाली थाना में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने 30 जून को संदेह के आधार पर निशांक विश्वकर्मा, हर्ष विश्वकर्मा और सुनील उर्फ लोचन ठाकुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में निशांक और हर्ष ने डायमंड पार्क से होंडा ड्रीम योगा तथा सागर के संजय ड्राइव क्षेत्र से हीरो आई-स्मार्ट मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। वहीं सुनील उर्फ लोचन ने सिंचाई कॉलोनी से हीरो एचएफ डीलक्स बाइक चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की गईं तीनों मोटरसाइकिलें बरामद कर जब्त कर लीं। बरामद वाहनों में होंडा ड्रीम योगा (एमपी 04 जेडएम 8069), हीरो एचएफ डीलक्स (एमपी 15 एमएक्स 8550) और हीरो आई-स्मार्ट (एमपी 15 एमएस 7204) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, उपनिरीक्षक साहब सिंह, प्रधान आरक्षक कल्याण सिंह तथा आरक्षक ओमप्रकाश रैकवार, प्रमोद सिंह, गणपत अहिरवार, देशराज सिंह और साइबर सेल के आरक्षक मयंक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 38 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा के बाद स्टेनो सेवानिवृत्त, दी भावभीनी विदाई



**दमोह।** विद्युत मंडल उत्तर संभाग, दमोह में पदस्थ वरिष्ठ स्टेनो राजेंद्र कुमार असाटी का 38 वर्षों की निष्ठापूर्ण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विद्युत मंडल परिसर में गरिमामय सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह में कार्यपालन अभियंता एम.एल. साहू, सहायक अभियंता प्रशांत खरे सहित विद्युत मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के उपरांत श्री असाटी का गाजे-बाजे, पुष्पमालाओं एवं आत्मीय स्वागत के साथ सम्मानपूर्वक विदाई जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर उनके परिवारजन, अखिल भारतीय असाटी समाज महासभा के पदाधिकारी एवं समाजजन तथा नेहरू पार्क, दमोह की प्रातःकालीन भ्रमण समिति के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे,सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर असाटी समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, वैश्य समाज की जिला प्रभारी विद्या असटी, अखिल भारतीय महिला महासभा की उपाध्यक्ष कंचन असाटी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती असाटी,एवं अखिल भारतीय असाटी वैश्य समाज महासभा युवा समिति प्रचार सचिव हेमेंद्र असाटी राजन, डॉक्टर बृजेंद्र असाटी , छोटेलाल असाटी , ललित कटारिया, जगदीश असाटी , अरविंद असाटी , ध्रुव असाटी सेलू असाटी , राजू असाटी , पंकज असाटी , जगत असाटी, प्रिंस असाटी, शिवांगी गुप्ता, अर्पित गुप्ता, सुरभि असाटी, शुभम असाटी, विद्युत मंडल के कर्मचारी आकाश सेन, चंदन पटेरिया, अजय मिश्रा आशीष गर्ग, कैलाश विश्वकर्मा, तनुश्री जायसवाल, दीनू, प्रेमलाल पटेल, नेहरू पार्क भ्रमण समिति डॉक्टर अनिल चौधरी पूर्व अधीक्षण,अभियंता आरपी अग्निहोत्री, राजकुमार, अनिल जैन, आनंद, आदि उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम का संचालन श्री दिलीप यादव ने किया।

## रास्ता रोककर शराब के लिए पैसे मांगने और मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**पटेरा।** थाना पटेरा पुलिस ने राहगीर को रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगने और पैसे नहीं देने पर मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक दमोह श्री आनंद कलादगी के निर्देश पर गंभीर अपराधों के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी हटा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।पुलिस ने अपराध क्रमांक 200/2026 में फरार चल रहे आरोपी अजय उर्फ लुक्का (18 वर्ष) निवासी शोभानगर वार्ड क्रमांक-13, पटेरा तथा अंकित अहिरवार (24 वर्ष) निवासी शोभानगर, पटेरा को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों पर रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगने तथा इंकार करने पर मारपीट करने का आरोप है।गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना अभी जारी है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेंद्र गुर्जर, सहायक उपनिरीक्षक बल्देव प्रसाद अहिरवार, प्रधान आरक्षक रूपलाल, प्रधान आरक्षक प्रमोद चौबे एवं आरक्षक इंद्रजीत की सराहनीय भूमिका रही।

# कब्जाधारकों के विरोध के बीच सीताबावड़ी से अतिक्रमण हटा

**दमोह।** जिले में फैले अतिक्रमणों के विरुद्ध बुधवार को प्रशासन ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए नगर के सीताबावड़ी शमशान घाट की जमीन का सीमांकन किया। इस दौरान कई एकड़ शासकीय जमीन पर लोगों के अवैध कब्जे पाए गए जिसपर अतिक्रमण कारियों द्वारा इन बाड़ आदि लगाकर खेती का कार्य किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान कुछ कब्जा धारक महिलाओं ने ऐसे अपनी निजी भूमि बात कर विरोध करने का प्रयास भी किया। मौके पर पहुंचे राजस्व अमले ने पुलिस और आमजन की मौजूदगी में उक्त कार्रवाई करते हुए समस्त क्षेत्र का सीमांकन किया और सीमांकन रेखा पर जेसीबी की मशीन से खुदाई कराई गई है। शासन द्वारा सीमांकन के दौरान अतिक्रमण की जद में पाई गई जमीन की अनुमानित कीमत करोड़ों में है जिस पर लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया था, लेकिन अब इसे अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सीताबावड़ी श्मशान घाट में लगातार हो रहे अतिक्रमण के चलते मुक्तिधाम समिति के सदस्यों के द्वारा एक सप्ताह पूर्व जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को इस संबंध में ज्ञापन दिया गया था और श्मशान घाट की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की गई थी। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व ह अमले ने कार्यवाही करते हुए इस अतिक्रमण मुक्त कराया है। बताया जा रहा है की राजस्व पत्रों में करीब 12 एकड़ भूमि सीता बाबरी श्मशान घाट के नाम पर दर्ज है जिसे पूर्णतया खाली कराकर भविष्य में शमशान घाट के साथ शासन की अन्य योजनाओं में उपयोग में लाया जाएगा। इस मामले में सीता बाबरी मुक्तिधाम समिति के सदस्य नित्या प्यासी ने बताया की समिति के द्वारा मुक्त भूमि को खाली कराकर यहां पर दीवार का निर्माण कराया जाएगा ताकि भविष्य में यह अतिक्रमण से सुरक्षित रह सके। इसके साथ ही प्रशासन की योजनाओं का क्रियान्वयन भी इस भूमि पर होगा। कार्यवाही के दौरान आरआई गौरी , तिलक सिंह यादव, हरिओम सोनी, गुड्डू मुकेश, मुक्तिधाम समिति से कैलाश शैलार, जेपी असाटी, प्रताप रोहित, मोहनीश अहिरवार व अन्यंकी उपस्थिति रही।